योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

श्री चेतन चौहान
माननीय मंत्री
होमगार्ड्स, सैनिक कल्याण, प्रान्तीय रक्षक दल
नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश

श्री अनिल कुमार
प्रमुख सचिव
होमगार्ड्स, उ०प्र०शासन।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एक रिपोर्ट

श्री विजय कुमार
कमाण्डेन्ट जनरल
होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश

कोरोना वारियर होमगार्ड्स

कोरोना वारियर होमगार्ड्स

एक रिपोर्ट

कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के दृष्टिगत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुक्रम में केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना वायरस से बचाव हेतु निर्धारित प्रोटोकाल/दिशा-निर्देशों का होमगार्ड्स विभाग द्वारा अक्षरश: पालन किया जा रहा है।

कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के दृष्टिगत प्रभावी लॉकडाउन की अवधि में कानून व्यवस्था को बनाये रखने, नागरिकों का संक्रमण से बचाव, उन्हें चिकित्सकीय सुविधा सुलभ कराने तथा भोजन/खाद्य सामग्री वितरण तथा अन्य प्रदेशों/उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों में लॉकडाउन में फंसे श्रमिकों एवं नागरिकों को बसों/ट्रेनों से वापसी की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में होमगार्ड्स के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड्स स्वयंसेवकों द्वारा सराहनीय कार्य किये जा रहे है।

होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों/स्वयंसेवकों द्वारा अपने नियत उत्तरदायित्वों के साथ-साथ जिला/पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदत्त दायित्वों के निर्वहन में भी अपनी अहम् भूमिका अदा की जा रही हैः-

1. यद्यपि प्रदेश में 66850 होमगार्ड्स विभिन्न ड्यूटियों में नियोजित थे, किन्तु कोरोना विभीषिका के फलस्वरूप लागू लॉकडाउन अवधि में मा0 मुख्य मंत्री जी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन हेतु जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों की मांग पर 73 जनपदों में 19055 अतिरिक्त होमगार्ड्स तैनात किये गये है, जो कोरोना फ्रान्ट लाइन वरियर की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन पूरी लगन तत्परता एवं तन्मयता से कर रहे है।
2. विभाग के फील्ड स्तरीय अधिकारियों यथा-मण्डलीय कमाण्डेण्ट/जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्ड्स द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री यथा-मास्क एवं सेनेटाइजर आदि यथा समय उपलब्ध कराये गये हैं तथा विभाग के मुख्यालय सहित सभी जिला होमगार्ड्स कार्यालय/परिसरों का सेनेटाइजेशन भी नियमित रूप से कराया जा रहा है।

3. प्रदेश के समस्त जनपदों में शान्ति एवं व्यवस्था से सम्बन्धित नियमित ड्यूटियों एवं कोविड-19 से सम्बन्धित विभिन्न अन्य ड्यूटियों में कुल-85905 होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का प्रतिस्थापन निम्नानुसार सुनिश्चित किया जा रहा है :-

क्रम सं0	डियूटी का प्रकार	तैनात होमगार्ड्स की संख्या
1	2	3
1	नियमित शान्ति व्यवस्था डियूटी पर (विभागीय बजट से)	35056
2	नियमित शान्ति व्यवस्था डियूटी पर (पुलिस बजट से)	15000
3	डायल 112 दो पहिया वाहन संचालन हेतु (पुलिस बजट से)	5625
4	डायल 112 चार पहिया वाहन संचालन हेतु (पुलिस बजट से)	3750
5	कोरोना महामारी के दृष्टिगत 73 जनपदों में अतिरिक्त डियूटी (विभागीय बजट से)	19055
6	प्रदेश के विभिन्न कारागारों की सुरक्षा डियूटी (भुगतान के आधार पर)	1736
7	रेलवे समपारों की सुरक्षा डियूटी (भुगतान के आधार पर)	475
8	परिवहन विभाग (भुगतान के आधार पर)	358
9	आबकारी विभाग में (भुगतान के आधार पर)	350
10	विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर (भुगतान के आधार पर)	4500
	कुल संख्या-	**85905**

4. होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा जिला/पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर लॉकडाउन में फंसे लोगों को राशन सामग्री/भोजन का वितरण कराया जा रहा है तथा उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सहायता दिलाने तथा चौराहो एवं बैरियरों पर नागरिकों की चेकिंग तथा यातायात संचालन आदि में पुलिस को समुचित सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

5. जिला प्रशासन द्वारा जनपदों में बनायी गयी अस्थायी जेलों की सुरक्षा व्यवस्था आदि में होमगार्डस स्वयसेवकों की तैनाती एवं समुचित पर्यवेक्षण होमगार्डस विभाग के फील्ड स्तर के अधिकारियों (जिला कमाण्डेण्ट स्तर के अधिकारी) द्वारा कुशलतापूर्वक किया जा रहा है।

6. ड्यूटी के दौरान होमगार्डस जवानों द्वारा सुरक्षा उपायों एवं सोशल डिस्टेसिंग का स्वयं भी पालन किया जा रहा है और नागरिकों को भी सुरक्षा उपायों एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

7. होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड्स जवानों को मोबाइल में आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त के क्रम में विभाग में कार्यरत कार्मिकों के पास एन्ड्रायड फोन की उपलब्धता के दृष्टिगत अब तक कुल 37502 आरोग्य सेतु एप डाउनलोड किये गये हैं।

8. कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों/जवानों द्वारा स्वेच्छा से मुख्यमंत्री राहत कोष में दिये जाने हेतु रू0 46,50,323/- (रू0 छियालीस लाख पचास हजार तीन सौ तेईस मात्र) की सहायता राशि एकत्र की गयी है।

9. उत्तर प्रदेश राज्य में फंसे उत्तराखण्ड/हिमाचल प्रदेश के नागरिकों तथा उत्तराखण्ड/हिमाचल प्रदेश राज्य में फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की समास्याओं के समाधान हेतु प्रमुख सचिव, होमगार्ड्स विभाग श्री अनिल कुमार (द्वितीय) के नेतृत्व में कन्ट्रोल रूम होमगार्ड्स मुख्यालय पर 24 घंटे कार्य कर रहा है।

10. प्रमुख सचिव होमगार्ड्स के निर्देशन में होमगार्ड्स मुख्यालय पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में कार्यरत हेल्पलाइन नम्बरों पर शिफ्टों में वैतनिक निरीक्षकों के पर्यवेक्षण में कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। इन कार्मिकों द्वारा सम्पर्क करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या तथा उसके साथ रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या आदि का विवरण नोट किया जाता है तथा इन व्यक्तियों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित कन्ट्रोल रूम तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के नम्बर नोट कराये जाते है। तदोपरान्त कन्ट्रोल रूम पर सम्बदध् विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा इन सम्पर्क कर्ताओं की समस्याओं का पूर्ण समाधान सम्बन्धित राज्य के कन्ट्रोल रूम/जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता करके सुनिश्चित कराया जाता है।

11. उत्तर प्रदेश राज्य में फंसे उत्तराखण्ड/हिमाचल प्रदेश के नागरिकों तथा उत्तराखण्ड/हिमाचल प्रदेश राज्य में फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की समास्याओं के समाधान हेतु कन्ट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बरों पर दिनांक 08-05-2020 की सांयकाल तक आने वाली काल्स की स्थिति निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	राज्य का नाम	प्राप्तकाल/ई-मेल/संदेश		खान-पान की समस्या से प्रभावित व्यक्तियों की -संख्या	व्यक्ति जिन्हें रहने की समस्या है	व्यक्ति जो उ0प्र0 वापस आना चाहते हैं	व्यक्ति जिनकी समस्या का समाधान किया गया	मुख्य जिले जहां से समस्या आ रही है
		गत २४ घंटे में प्राप्त	अब तक कुल प्राप्त					
१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड में उ0प्र0 के फंसे लोग)	139	5813	12610	4353	42249	12610	हरिद्वार देहरादून नैनीताल उधमसिंह नगर
२	उत्तर प्रदेश (उ0प्र0 में उत्तराखण्ड के फंसे लोग)	3	335	579	58	691	579	अलीगढ़
३	हिमांचल प्रदेश (हिमांचल में उ0प्र0 के फंसे लोग)	127	3596	8323	2313	44520	8323	सोलन शिमला सिरमौर

12. मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार उ0प्र0 के अन्य प्रदेशों तथा प्रदेश के ही अन्य जनपदों में लॉकडाउन में फंसे इच्छुक श्रमिकों एवं नागरिकों को उनके गृह जनपदों में सकुशल पहुँचाने के लिए बसों में आवश्यकतानुसार होमगार्ड्स को भेजा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं0सं0	जनपद का नाम	दिनांक	रवाना की गयी बसों की संख्या	बसों में भेजे गये होमगार्ड्स की संख्या
1	मथुरा	02.05.2020	327	327
		03.05.2020	35	35
		07.05.2020	313	313
2	कासगंज	08.05.2020	37	37
		08.05.2020	47	47
		09.05.2020	51	51
3	चन्दौली	08.05.2020	42	84
4	मेरठ	05.05.2020	06	10
5	प्रयागराज	06.05.2020	54	54
6	कानपुर देहात	07.05.2020	02	02
7	शामली	08.05.2020	12	12
		09.05.2020	14	10
8	सोनभद्र	07.05.2020	02	04
		08.05.2020	38	38
9	बरेली	09.05.2020	24	48
10	जौनपुर	05.05.2020	28	56
		08.05.2020	43	43
		09.05.2020	09	09
11	गौतमबुद्ध नगर	03.05.2020	51	51
		07.05.2020	59	59
		08.05.2020	11	11
12	सहारनपुर	अब तक	97	97

13	झांसी	अब तक	12	12
14	कानपुर नगर	अब तक	47	47
15	हमीरपुर	अब तक	01	02
16	मऊ	अब तक	37	37
17	आगरा	अब तक	93	93
		योग–	1492	1589

13. होमगार्डस विभाग के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा जिला/पुलिस प्रशासन के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर कार्य करने के लिए संबन्धित जिला/वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा भी अर्जित की जा रही है।